## महत्वपूर्ण एवं खास

### छग की नयी कांग्रेस सरकार के मंत्रियों के लिए नई गाड़ियां सजकर तैयार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की नयी सरकार के मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के लिए नई गाड़ियां भी मंगा ली गई है और इन गाड़ियों को सजा भी दिया गया है। मंत्रिमंडल के बनते ही सभी मंत्रियों को नई गाड़ियां भी सौंप दी जाएगी।




छग में नयी सरकार के साथ मुख्यमंत्री से लेकर मंत्रिमंडल के सभी मंत्री नयी गाड़ियों में सवार होंगे। मुख्यमंत्री एवं मंत्रिमंडल के लिए नई गाड़ियां खरीदी गई है। शासन की तरफ से नये मंत्रियों के लिए 12 नयी टाटा सफारी खरीदी गयी है। मुख्यमंत्री के कारकेड में भी नयी गाड़ियां दिखेगी। सभी नयी गाड़ियां रायपुर में आ चुकी है और उन्हें सजाकर तैयार रखा गया है। अफसरों के मुताबिक इस साल 12 टाटा सफारी गाड़ी खरीदने के प्रस्ताव को बहुत पहले मंजूरी मिल गई थी, लेकिन विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो गई थी, जिसकी वजह से खरीदी की प्रक्रिया रोक दी गई थी। आचार संहिता खत्म होते ही आज 12 गाड़ियां खरीदने की प्रक्रिया पूरी की गई, जिसके बाद कंपनी ने तत्काल डिलीवरी भी कर दी।

इधर नयी सरकार के बनने के बाद भाजपा के सभी पूर्व मंत्रियों से उनकी गाड़ियां वापस ले ली गयी है और उन गाड़ियों को भी चकाचक बनाया जा रहा है।

### हंसते हुए दिल्ली जा रहा हूं लौटूंगा भी हंसते हुए : भूपेश बघेल

**दिल्ली रवाना होने के पूर्व बघेल ने किया ट्वीट**

रायपुर (आरएनएस)। देश के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक दिलचस्प मुकाबला छत्तीसगढ़ का रहा। देश भर के राजनीतिक पार्टियों और राजनीतिज्ञों की नजर छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणाम पर टिकी रही। परिणाम भी अप्रत्याशित आया और कांग्रेस को प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। अब मामला मुख्यमंत्री के नाम पर अटक गया है, कल शाम तक मुख्यमंत्री के नाम पर घोषणा हो जानी थी, लेकिन आलाकमान इस पर कोई फैसला नहीं ले पाया।



लिहाजा आज मुख्यमंत्री के दावेदार नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव, डा. चरणदास महंत दिल्ली रवाना हो गए हैं। दिल्ली में कुछ ही घंटों के अंदर प्रदेश के नए मुखिया के नाम पर मुहर लग जाएगी।

### रायपुर एयरपोर्ट में तीन किलो सोना पकड़ाया

रायपुर। राजधानी के अटल नगर स्थित एयरपोर्ट पर शुक्रवार को तीन किलो सोना के साथ एक व्यापारी को पकड़ा गया है। आयकर विभाग युवक से पूछताछ कर रही है। सीआईएसएफ को विशेष सूत्रों से पता चला कि एयरपोर्ट के रास्ते सोना ले जाया जा रहा है। सीआईएसएफ ने एयरपोर्ट पर जवानों को तैनात कर दिया और संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी शुरू की। बताए गए हुलिए के आधार पर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। युवक के पास रखे बैग की तलाशी ली गई तो उसमें लगभग तीन किलो सोना मिला। सीआईएसएफ ने इसकी सूचना आयकर विभाग को दी। व्यापारी से आयकर विभाग पूछताछ कर रहा है। जो जानकारी अभी तक मिली है उसके आधार पर युवक कोलकाता का व्यापारी है।

### वैज्ञानिक शोध - बिना डाइटिंग-एक्सरसाइज, इस एक गोली से कम होगा वजन



व्हाइट फैट सेल्स से जुड़ा होता है। इस फैट सेल्स का आकार 10 दिन में लगभग 30 प्रतिशत तक सिकुड़ जाता है। इस ड्रग का सेवन करने के दौरान भूख कम नहीं होती है तो इस बात को ना समझे की इस ड्रग का सेवन करने से शरीर का वसा बर्न हो रहा है। वरिष्ठ अध्ययन लेखक स्टेनली वाटोविच ने बताया है कि इस प्रकार के वजन कम और मोटापा घटाने वाली दवाइयों का सेवन करने से हृदय रोग और टाइप 2 मधुमेह जैसी स्वास्थ्य समस्याएं कम होती हैं। हार्वर्ड द्वारा हाल के शोध के मुताबिक, अमेरिकी के ज्यादातर बच्चे 35 साल की उम्र में मोटापे से ग्रस्त होते हैं, वर्तमान में लगभग 40 प्रतिशत अमेरिकी वयस्क मोटापे से ग्रस्त हैं। इस ड्रग का सेवन करने से शरीर के फैट सेल्स का विकास रूक जाता है और प्रोटीन ऊर्जा में बदल जाता है जिससे मेटाबॉलिज्म भी बूस्ट होता है।

मोटापा एक पब्लिक हेल्थ प्रॉब्लेम है और इस समस्या से पूरे देश भर के लोग ग्रसित है। मोटापा के कारण कई स्वास्थ्य समस्या हो जाती है जैसे- हृदय रोग, डायबीटिज और ब्लड प्रेशर। एक शोध के अनुसार अमेरिका में 40 प्रतिशत वयस्क मोटापे के शिकार हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के एक वैज्ञानिकों ने वेट लॉस ड्रग बनाया है जो उनलोगों के लिए है जो मोटापे से ग्रसित हैं। बायोकेमिकल फार्मा कोलोजी के एक शोध के अनुसार यह ड्रग बिना भूख को दबाए हुए आपके फैट को आसानी से बर्न करने में मदद करता है। यह ड्रग सेलुलर मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है जो

# मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे कमलनाथ 17 को

**कामल नाथ 17 दिसंबर को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे।**

## एमपी के अगले सीएम बने कमलनाथ, बोले- ये पद मेरे लिए मील का पत्थर

नई दिल्ली। कमलनाथ को कांग्रेस ने गुरुवार को विधायक दल का नेता चुना गया। वे अब राज्य के अगले सीएम होंगे। भोपाल में कांग्रेस दफ्तर में विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद कमलनाथ ने कहा कि ये पद मेरे लिए मील का पत्थर है। उन्होंने अपने विधायकों के बीच संदेश पढ़ते हुए कहा कि 13 दिसंबर को इंदिरा जी छिंदवाड़ा आई थी और मुझे जनता को सौंपा था। ज्योतिरादित्य सिंधिया का धन्यवाद करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने इनके पिता जी के साथ काम किया। इसलिए इनके समर्थन पर खुशी है। अगला समय चुनौती भरा है। हम सब मिलकर हमारा वचन पत्र पूरा करेंगे। कमलनाथ ने कहा, मुझे पद की कोई भूख नहीं रही। मेरी कोई मांग नहीं थी, मैंने अपना पूरा जीवन बिना किसी पद की भूख के कांग्रेस पार्टी को समर्पित किया। मैंने संजय गांधी, इंदिरा जी, राजीव जी और अब राहुल गांधी के साथ काम किया। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए कमलनाथ ने कहा कि शुक्रवार की सुबह 10.30 बजे वे राज्यपाल से मिलेंगे इसके बाद शपथ ग्रहण के बारे में जानकारी देंगे। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश का सीएम कौन होगा इसको लेकर गुरुवार को दिल्ली में राहुल गांधी के आवास पर देर तक बैठक चली। इस बैठक में कमलनाथ के नाम पर मुहर लगी। इस बैठक में कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया भी मौजूद थे। इसके बाद दोनों नेता भोपाल पहुंचे। भोपाल में कांग्रेस के विधायक दल की बैठक हुई. इसमें उन्हें विधायक दल का नेता चुन लिया गया। वहीं कांग्रेस ने अपने ऑफिशियल ट्विटर अकाउंट से कमलनाथ को नया सीएम चुने जाने पर बधाई दी।



**कमलनाथ का सियासी सफर**

कमलनाथ कांग्रेस के काफी पुराने नेता हैं. कमलनाथ को संजय गांधी का करीबी माना जाता रहा है. वह संजय गांधी के स्कूली दोस्त हैं. दून स्कूल से शुरू हुई यह दोस्ती काफी लंबी चली और इसी वजह से कमलनाथ ने अपना सर्वस्व कांग्रेस पार्टी की सेवा में लगा दिया। 1980 में कांग्रेस ने उन्हें पहली बार छिंदवारा से टिकट दिया था. इंदिरा गांधी ने उस समय चुनाव प्रचार के दौरान कहा था कि मैं नहीं चाहती आप कमलनाथ को वोट करें बल्कि मैं कहती हूं कि आप मेरे तीसरे बेटे को वोट करें.आदिवासी छिंदवारा से 1980 से पहली बार उन्होंने चुनाव जीता और उसके बाद ही इस इलाके की तस्वीर बदलने में लग गए. वह छिंदवारा से 9 बार विधायक चुने गए हैं. उनके सियासी सफर में ढलान तब आया जब संजय गांधी और इंदिरा गांधी की हत्या कर दी गई. इसके बाद भी वह पार्टी के प्रति हमेशा वफादार रहे. 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद सिख विरोधी दंगों में उनका नाम भी आया था लेकिन उनकी भूमिका सज्जन कुमार या जगदीश टाइटलर जैसे नेताओं की तरह स्पष्ट नहीं हो सकी.उनके सियासी सफर में सिख विरोधी दंगे और हवाला कांड दो ऐसे वाकये हैं जिसने उनकी सियासी सफर और व्यक्तित्व पर सवाल उठाया.

### प्रधान पाठक निलंबित

धमतरी (आरएनएस)। जिला शिक्षा अधिकारी ने धमतरी के पं. मोतीलाल नेहरू शासकीय प्राथमिक शाला क्रमांक 05 के प्रधानपाठक हरगोविन्द लाल धीरेन्द्र को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उनके विरूद्ध भा.दं.वि. के तहत 8 दिसंबर से जिला जेल में 48 घंटे से अधिक समय तक बंदीगृह में परिरूद्ध रहने तथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के कंडिका के प्रतिकूल कृत्यों के कारण निलंबित किया गया है।

### एसईसीएल प्रबंधन को 14 दिन पहले दी जाएगी हड़ताल की नोटिस

कोरबा (आरएनएस)। केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ हड़ताल की रूपरेखा तैयार करने चार श्रमिक संघ की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान निर्णय लिया गया कि एसईसीएल प्रबंधन को 14 दिन पहले हड़ताल की नोटिस दी जाएगी। इसके साथ ही सभी एरिया में कन्वेंशन कर कर्मियों को हड़ताल में शामिल होने आव्हन किया जाएगा। आगामी आठ व नौ जनवरी को केंद्रीय श्रमिक संघ की ओर से प्रस्तावित हड़ताल की तैयारियां तेज हो गई है।

### पुलिस कर्मचारियों के लंबित मांगों पर कांग्रेस सरकार लगा सकती है मुहर

**पीएचक्यू से कल शाम जारी पत्र से पुलिस कर्मियों में हर्ष**

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में बनने वाली कांग्रेस की नई सरकार से समाज के सभी वर्गों को काफी उम्मीदें हैं। किसान वर्ग के साथ ही शासकीय-अर्धशासकीय कर्मचारियों और संविदा आदि में सेवाएं दे रहे हजारों कर्मचारियों को इस बात की आश है कि उनकी वर्षों से लंबित मांगों पर अब कांग्रेस सरकार गंभीरता से विचार करेगी। दूसरी ओर पुलिस जवानों को भी इस बात की उम्मीद जगी है कि अब उनकी वर्षों पुरानी मांगें संभवतः पूरी होंगी। इस संबंध में कल ही पीएचक्यू से एक पत्र जारी हुआ था, जिसमें पुलिस सुधार से संबंधित घोषणा के अनुसार प्रस्तुतिकरण के लिए आवश्यक जानकारी मांगी गई है।

बात पुलिस विभाग की करें तो पुलिस जवानों को खासकर तृतीय और चतुर्थ वर्ग में कार्यरत कर्मचारियों को नई कांग्रेस सरकार से काफी उम्मीदें जगी है। भाजपा सरकार के कार्यकाल में पुलिस विभाग के कर्मचारियों के परिवार के लोगों ने पूरे प्रदेश में आंदोलन छेड़ दिया था। करीब 3 हजार से अधिक पुलिस जवानों को आंदोलन में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से शामिल होने के आरोप में सूचीबद्ध किया गया था। राज्य की भाजपा सरकार इन कर्मचारियों पर कार्यवाही की मंशा रखे हुए थी, लेकिन पुलिस विभाग में तथा अन्य कर्मचारियों में आक्रोश फैलने की आशंका के चलते ऐन समय में कार्यवाही रोक दी गई थी।

### एक लाख ईनामी नक्सली जनताना सरकार अध्यक्ष गिरफ्तार

नारायणपुर (आरएनएस)। जिला नारायणपुर के थाना नारायणपुर के कैम्प सोनपुर से डीआरजी की पार्टी आसपास के एरिया डॉमिनेशन हेतु रवाना हुआ था, कि एरिया डॉमिनेशन के दौरान तुमेरादी के जंगल में एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस पार्टी को देखकर लुकछिप रहा था, जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़कर पूछताछ करने पर अपना नाम आयतू राम मंडावी



पिता मसिया राम मण्डावी उम्र 26 वर्ष निवासी तुमेरादी थाना नारायणपुर का रहने वाला बताया।

पूछताछ कर हिरासत में लेकर थाना नारायणपुर लाया गया, और पुनः बारिकी से पुछताछ करने पर दिनांक 06.10.18 को रात्रि में नक्सलियों के साथ सोनपुर आकर मृतक सुखलाल नुरेटी को घर से निकालकर कबड्डी मैदान में ले जाकर नक्सलियों के साथ मिलकर मारपीट किया तथा नक्सली के द्वारा मृतक सुखलाल को गोली मारकर हत्या करना स्वीकार किया।

उक्त नक्सली आरोपी को आज दिनांक 14.12.2018 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### उत्तरप्रदेश के दादरी में सगाई समारोह में गोलीबारी, 15-वर्षीय लड़के की मौत

कानपुर। उत्तर प्रदेश के दादरी में गुरुवार को एक सगाई समारोह के दौरान की गई हर्ष फायरिंग में गोली लगने के बाद 15-वर्षीय लड़के की मौत हो गई है. SP (देहात) विनीत जायसवाल ने बताया, जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंची, और लड़के को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। केस दर्ज कर लिया गया है।

### घर के ये काम बनाए रखेंगे स्लिम और फिट

वजन कम करने या खुद को फिट रखने के लिए आजकल लोग क्या-क्या नहीं करते। स्पेशल डायट से लेकर जिम तक में लोग काफी पैसा और पसीना बहाते हैं, पर क्या आप जानते हैं कि घर के 6 काम ही कैलरीज बर्न कर आपको स्लिम रखने में मदद कर सकते हैं। चलिए जानते हैं इनके बारे में।



**पोछा लगाना**

पोछा लगाना मेहनत का काम होता है। इस दौरान व्यक्ति स्क्वाट और क्रॉल करता है जो पैरों के लिए वर्कआउट की तरह है। पोछे के दौरान कमर के लगातार मूवमेंट से फैट को कम करने में भी मदद मिलती है। 20 मिनट तक पोछा लगाने से आप 150 कैलरीज तक बर्न कर सकते हैं।

**कपड़े धोना**

आजकल कपड़े धोने के लिए भी अलग-अलग तरह की मशीन आने लगी है। कोई सेमी-ऑटोमैटिक मशीन यूज करता है तो कोई फुली ऑटोमैटिक। हालांकि, अगर आप हाथों से कपड़े धोएं तो यह आपकी 130 कैलरीज तक बर्न करने में मदद कर सकता है।

**बर्तन धोना**

भारत में अभी भी डिश वॉशर उतना पॉप्युलर नहीं हुआ है, लेकिन यहां बर्तन धोने के लिए मेड का होना आम सी बात है। अगर आप कैलरीज बर्न करना चाहते हैं तो अब से खुद बर्तन धोना शुरू कर दें, इससे आप करीब 125 कैलरीज बर्न कर सकेंगे।

**खुद खाना बनाना**

आजकल ज्यादातर घरों में पति-पत्नी दोनों नौकरीपेशा होते हैं। ऐसे में उनके पास खुद खाना बनाने का समय नहीं होता। हालांकि, मेड आपकी डायट या हेल्थ को ध्यान में रख खाना बनाए ऐसा संभव नहीं है।

खुद कुकिंग करने के कई फायदे हैं, पहला तो यह कि आप खाने को ज्यादा हेल्दी वे में पकाएंगे और दूसरा खाना बनाने की पूरी प्रक्रिया सहित खड़े रहने से आपकी तकरीबन 100 कैलरीज बर्न होंगी।

### उद्यानिकी फसलों का बीमा कराने 31 तक का समय निर्धारित

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा उद्यानिकी फसलों का पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा कराने के लिए 31 दिसम्बर 2018 तक का समय तय किया गया है। रबी मौसम 2018 में रायपुर जिले में छह उद्यानिकी फसलों को बीमा के लिए अधिसूचित किया गया है। इनमें टमाटर, बैगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज और आलू शामिल हैं। अधिसूचित फसलों की खेती करने वाले किसान अपनी फसलों का बीमा करा सकते हैं। उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले ऋणी और



अऋणी दोनों प्रकार के किसान बीमा योजना का लाभ ले सकते हैं।

उप संचालक उद्यानिकी रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार बागवानी किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधि प्रकोप, लगातार अवर्षा तथा ओलावृष्टि से होने वाले नुकसान की स्थिति में बीमा सुरक्षा प्रदान करने के लिए पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना लागू की गई है। रबी मौसम 2018 में रायपुर जिले में बीमा के लिए अधिसूचित फसलों के निर्धारित ऋणमान की पांच प्रतिशत राशि कृषक अंश के रूप में ऋणी और अऋणी दोनों प्रकार के किसानों को जमा कराने होंगे। अऋणी किसान फसल लगाने का प्रमाण पत्र नक्शा, खसरा, आधार कार्ड तथा अपने बैंक पास बुक की छायाप्रति जिसमें आईएफएससी कोड का उल्लेख हो जमा कराकर बीमा करा सकते हैं।

### किसी भी तरह का प्रोत्साहन मेरे लिए बेहद खास है : जान्हवी कपूर

हिंदी फिल्म धड़क के साथ अपने करियर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री जान्हवी कपूर का कहना है कि किसी भी तरह का प्रोत्साहन उनके लिए बेहद मायने रखता है। जान्हवी ने नॉर्वेजिया के वाणिज्य दूतावास द्वारा शूटिंग स्टार ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के संवाददाताओं से बातचीत की। उनके साथ पिता बोनी कपूर भी थे।



पुरस्कार प्राप्त करने के बाद जान्हवी ने अपनी भावनाएं साझा करते हुए कहा, इस वक्त यहां खड़े होकर मैं बहुत खुश हूं। यह बेहद सम्मान की बात है। किसी भी तरह का पुरस्कार और खास तौर पर यह पुरस्कार मेरे लिए बहुत मायने रखता है। किसी भी तरह का प्रोत्साहन मेरे लिए अहम है।

### दीपिका-कटरीना के बीच दोस्ती की शुरुआत



दीपिका पादुकोण से ब्रेकअप के बाद जब रणबीर कपूर ने कटरीना कैफ को डेट करना शुरू किया तो दोनों के रिश्ते खराब हो गए थे। दोनों एक-दूसरे को देखना भी पसंद नहीं करती थीं साथ ही चैट शोज पर एक-दूसरे पर कॉमेंट्स करती भी नजर आती थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका ने पहले कहा था कि वह कटरीना को अपने रिसेप्शन में नहीं बुलाएंगी। हालांकि रणवीर सिंह ने पर्सनील कटरीना को बुलाया और उन्होंने इन्विटेशन एक्सेप्ट भी किया और रिसेप्शन में पहुंचीं। खबरों के मुताबिक कटरीना ने रिसेप्शन में खूब मजा किया और रणवीर और दीपिका की तारीफ भी की। रिसेप्शन के बाद दीपिका पादुकोण ने कटरीना की फोटो लाइक की और उन्हें इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू

### मैं ग्रैंड मास्टर ली जियोंगी की बहुत शुक्रगुजार हूं:नीतू चंद्रा

अभिनेत्री नीतू चंद्रा कोरियाई ताइक्वांडो ड्रामा 'नराए' में नजर आएंगी। वह भारत की कुक्कीवोन एंबेसडर भी हैं। अभिनेत्री को इस किरदार की पेशकश ग्रैंड मास्टर ली जियोंगी ने की है।



नीतू ने एक बयान में कहा, ''मैं ग्रैंड मास्टर ली जियोंगी की बहुत आभारी और शुक्रगुजार हूं। उनके सहयोग की बदौलत मैं कोरियाई युवा एक्शन ड्रामा में किरदार पाने में सफल रही।''

उन्होंने कहा, ''वे ऐसे भारतीय कलाकार की तलाश में थे जिसने ताइक्वांडो में कुछ प्रशिक्षण ले रखा हो। एक प्रशिक्षित ताइक्वांडो प्लेयर होने के नाते मैं इस ड्रामा में किरदार निभाने के लिए बिल्कुल फिट थी।''यह सियोल (दक्षिण कोरिया) में फिल्माया जाएगा।